समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# TCS कर्मचारियों को तिमाही तक करना होगा इंतजार, अभी नहीं बढ़ेगी सैलरी | जानिए कब मिलेगा इंक्रीमेंट।

Publisher

Published on 11 Jul 2025




**देश की सबसे बड़ी IT कंपनी TCS ने दूसरी तिमाही तक टाला वेतन बढ़ोतरी का फैसला, HR हेड मिलिंद लक्कड़ ने दिया स्पष्टीकरण।**

**TCS कर्मचारियों को अभी नहीं मिलेगा इंक्रीमेंट, दूसरी तिमाही तक टला फैसला :** जानिए वजह। देश की सबसे बड़ी **IT सर्विस** कंपनी **टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज** (**TCS**) के लाखों कर्मचारियों को अपनी सैलरी बढ़ोतरी के लिए अभी कुछ और महीनों का इंतजार करना पड़ेगा। कंपनी ने **साल 2025-26** के **फाइनेंशियल ईयर** की पहली तिमाही खत्म होने के बावजूद वेतन वृद्धि का फैसला दूसरी तिमाही तक के लिए टाल दिया है।

### कंपनी के HR हेड ने क्या कहा ?

कंपनी के **चीफ HR ऑफिसर** मिलिंद लक्कड़ ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा,
"फिलहाल हम सैलरी बढ़ाने को लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं ले पाए हैं। इस पर विचार जारी है और हम सही समय पर इसकी घोषणा करेंगे।"

### हर साल अप्रैल मे होती थी सैलरी बढ़ोतरी

**TCS** में आमतौर पर हर फाइनेंशियल ईयर की शुरुआत यानी **1 अप्रैल से सैलरी इंक्रीमेंट** प्रक्रिया शुरू होती है, लेकिन इस साल कंपनी ने यह प्रक्रिया फिलहाल स्थगित कर दी है।

### पहली तिमाही मे हांयरिंग और ग्रोथ का आंकड़ा

१. **TCS ने अप्रैल-जून 2025 के दौरान 5,090 नए कर्मचारियों की भर्ती की है।**

२. **इसके साथ ही कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या 6,13,000 से अधिक हो गई है।**

३. **पहली तिमाही मे कंपनी ने सालाना आधार पर 6% की ग्रोथ के साथ 12,760 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट दर्ज किया।**

## हायरिंग और ग्रोथ का अलग कनेक्शन

**मिलिंद लक्कड़** ने कहा कि कंपनी की हायरिंग को तिमाही ग्रोथ के साथ जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि ये योजनाएं वार्षिक आधार पर बनाई जाती हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.